**Title:** Demand of assurance to change the name of Mughal Sarai Railway Station as Pandit Deen Dayal Upadhyay Railway Station.

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : अध्यक्ष महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र चंदौली के अंदर मुगल सराय स्टेशन आता है।

... (व्यवधान)

यह वही रेलवे स्टेशन है जहां पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की शहादत हुई थी।

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Sir, please give me a minute.
MR. SPEAKER: I have called Shri Anand Ratna Maurya. How can you interfere in the middle?

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : हम सब लोग बरसों से यह मांग करते आ रहे हैं कि मुगल सराय रेलवे स्टेशन का नाम पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर रखा जाये। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं।

... (व्यवधान)

SHRI E. AHAMED : Sir, I want only one minute.
MR. SPEAKER: I have called Shri Anand Ratna Maurya. I will call you after he completes his speech.

श्री आनन्द रत्न मौर्य : मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि मुगल सराय रेलवे स्टेशन का नाम पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के नाम पर रखा जाये। यह उनके सम्मान में सर्वदा उचित होगा। मैं आग्रह करूंगा कि इस पर रेल मंत्री जी अपनी कुछ प्रतिक्रिया व्यक्त करें या आश्वासन देते तो अच्छा होगा।

*m02

श्री नीतीश कुमारः अध्यक्ष महोदय, हम इस विषय पर कोई भी आश्वासन देने में सक्षम व्यक्ति नहीं हैं। रेल मंत्री को किसी स्टेशन का नाम बदलने में कोई एतराज नहीं है। अगर रेल के हाथ में होता तो हम बदलने पर विचार कर सकते थे लेकिन जगह का नाम बदलना राज्य सरकार की सिफारिश और गृह मंत्री की सहमति पर ही निर्भर करता है। राज्य सराकर और गृह मंत्री भारत सरकार

... (व्यवधान)

राज्य सरकार की सिफारिश को गृह मंत्रालय, भारत सरकार उसको मंजूर कर दें, तो रेलवे को मानने में कोई एतराज नहीं है।

... (व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : रेलवे के अगर अधिकार रहता तो दादर का नाम चित्तभूमि हो जाता।

... (व्यवधान)

SHRI E. AHAMED : Sir, I may be given one minute. Gujralji has already submitted it here and it is a very serious thing. The House has to condemn the U.S. attack on Iraq. We have not condemned it.
Sir, Shri Gujral has raised a very serious matter ... (Interruptions)
MR. SPEAKER: I have called the name of Shri N.N.Krishnadas.
SHRI E. AHAMED : Sir, there have been American attacks on Iraq... (Interruptions) We have to condemn it... (Interruptions)
MR. SPEAKER: The matter is over now.
SHRI E. AHAMED Sir, we cannot wait till the 5th ... (Interruptions)
MR. SPEAKER: Nothing, except what Shri Krishnadas is saying, would go on record.

(Interruptions) *

---------------------------------------------------------------------------

* Not Recorded.